महिला शक्ति मंच पर दिखी सिंधी संस्कृति की झलक

सिन्धु सोशल सोसायटी ने सजाया मॉम एण्ड मी का मंच

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। सिंधी असाँझी बोली गाने के साथ महिलाओं ने अपने बच्चों के साथ अपना नृत्य कौशल दिखाया अवसर था 'मदर्स डे' के उपलक्ष्य में सिन्धु सोशल सोसायटी (महिला विंग) द्वारा मॉम एंड मी डांस प्रतियोगिता का। यह आयोजन खाशगी बाजार स्थित सिंधी धर्मशाला में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उन माताओं को एक मंच प्रदान करना था, जो विवाह के उपरांत पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अपनी नृत्य प्रतिभा और शौक को कहीं पीछे छोड़ देती हैं।

कार्यक्रम का संचालन सपना पंजवानी और डॉ. रिंकू भाटिया ने किया। ?इस अवसर पर संस्था के संस्थापक नरेश पुरस्वानी, अध्यक्षा अनुभा ठक्कर, संयुक्त अध्यक्ष जिया तुलसानी, उपाध्यक्ष अंजना पुरस्वानी व बरखा आनंदानी, सचिव प्रिया मोटवानी, सहसचिव इशिका भतीजा, कोषाध्यक्ष आशा रामत्री और संरक्षक गण रोशनी फेरवानी, गुंजन पुरस्वानी, कृष्णा वाधवानी सहित बड़ी संख्या में समाज की महिला सदस्य उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों ने संस्था के इस अनूठे प्रयास की सराहना की।

प्रतियोगिता के परिणाम

कार्यक्रम को दो आयु वर्गों में विभाजित किया गया था, जिसमें बच्चों ने अपनी माताओं के साथ बॉलीवुड और सिंधी गीतों पर उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं। प्रथम वर्ग 4 से 7 वर्ष में प्रथम: अनाया तोतलानी एवं नायरा तोतलानी गीत: डाडो सुट्ठो-डाडो सुट्ठो, द्वितीय: नायरा आनंदानी गीत: लाल झूले लाल,तृतीय: जैविक चित्तौड़िया एवं साक्षी चित्तौड़िया गीत: गानिका बोल रही वही द्वितीय वर्ग 8 से 12 वर्ष में प्रथम: स्वरा चाँदवानी एवं सुहाना चाँदवानी गीत: सिंधी असाँझी बोली, द्वितीय: (विजेता) - गीत: दमादम मस्त कलंदर, तृतीय: तनीशा जय सिंहानी एवं बानी जय सिंहानी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. दीपिका भवानी और डॉ. अंजली ज्ञानानी उपस्थित रहीं।

इन्होंने बताया...

संस्कृति और जड़ों से जुड़ने का संदेश प्रतियोगिता के दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि सिन्धु सोशल सोसायटी का एक प्रमुख उद्देश्य सिंधी संस्कृति और भाषा को संरक्षित करना है।

अनुभा ठक्कर, अध्यक्ष

आज के दौर में जहाँ बच्चे अंग्रेजी और हिंदी भाषा की ओर अधिक झुके हैं, ऐसे आयोजनों के माध्यम से उन्हें अपनी मातृभाषा 'सिंधी' और संस्कारों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

रोशनी फेरवानी, संरक्षक

मोहना में भीषण सड़क हादसा, तीन लोग गंभीर घायल

ग्वालियर। जिले के मोहना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए तुरंत राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार तीनों घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और हादसे की जांच शुरू कर दी गई है।

भगवान परशुराम चल समारोह का हुआ स्वागत

पुष्प वर्षा एवं भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यार्पण किया

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। ग्वालियर पूर्व से विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में इंद्रगंज चौराहा पर सैकडों महिला एवं पुरूष कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान परशुराम जी के चल समारोह का पुष्पवर्षा कर स्वागत पर किया। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने भगवान परशुराम की मूर्ति पर माल्यापर्ण एवं पूजा अर्चना कर भगवान परशुराम समेत रथ में सवार सभी गणमान्यों का आशीर्वाद लिया। विधायक डॉ. सिकरवार द्वारा चल समारोह में शामिल विप्र बंधुओं का पुष्पहार पहनाकर कर सम्मान किया गया। चल समारोह का गाजे-बाजे के साथ पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया और शीतल पेयजल, शॉफ्ट ड्रिंक एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके साथ जय परशुराम के गगनभेदी नारे गूंजते रहे। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, एम.आई.सी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष अनूप शिवहरे, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, पार्षद अंकित कठठल, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, बेताल सिंह, नरेन्द्र राजावत, के.के. शर्मा, हिमांशु कीकन, राजेन्द्र परिहार, आदित्य सिंह सिकरवार, शाहरूख पठान आदि मौजूद रहे।

विधायक ने वार्ड 28 में किया विकास कार्यो का भूमिपूजन

करीब 20 लाख रूपये से होंगे विभिन्न निर्माण कार्य

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज वार्ड क्रमांक 28 के अंतर्गत आने वाले कुबेर आश्रम इंदिरा नगर के पास 7,64,347/- रूपये से नवीन हॉल, पेवर ब्लॉक आदि निर्माण कार्य एवं बाथम धर्मशाला कुम्हरपुरा में 11,99,113/- रूपये में पेवर ब्लॉक निर्माण एवं रंगाई पुताई आदि निर्माण कार्य के लिये क्षेत्रीय पार्षद एवं एम.आई.सी मेम्बर गायत्री सुधीर मण्डेलिया के साथ भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी कपिल पटेल, कृपाराम मण्डेलिया, सुधीर मण्डेलिया, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप यादव, मंडलम अध्यक्ष राजेश तोमर, मंडलम अध्यक्ष रामवीर सिंह गुर्जर, पंचम सिंह भदौरिया, दयाशंकर खटीक, मंथन सिंह, देवानंद ऐशवार, कैलाश नारायण शर्मा, सुरेंद्र सिंह सेंगर, असलम खान, राम हरि शर्मा, रामसेवक उपाध्याय, विजय बहादुर सिंह गौतम, मान सिंह, रामानंद सिंह, राम सिंह कतरौलिया, छोटू, दीपक गहलोत, मनोज गहलोत, श्रीमती फूलवती, गौरव सिंह, पप्पू पंडित, फूल सिंह बाथम, लल्लू बाथम, तिलक बाथम, पटेल साहब, राजू बाथम, गिल्लो प्रजापति, हीरा बाथम, छीद्धि पेंटर साहब, दयाशंकर खटीक, सुंदर अहिरवार, असलम खान आदि मौजूद रहे।

जय शिव महाकाल सेवा समिति के सेवा के 1600 दिन पूर्ण

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,10 मई। जय शिव महाकाल सेवा समिति द्वारा प्रभु कृपा, गो माता के आशीर्वाद एवं सभी सहयोगियों के समर्पण से निरंतर चल रही गो वंश सेवा ने आज अपने 1600 दिन पूर्ण कर लिए। भीषण गर्मी, बारिश और कठिन परिस्थितियों के बीच निरंतर गो वंश के लिए भोजन, पानी एवं उपचार जैसी सेवाएं की गईं। समिति ने इस सेवा यात्रा में सहयोग करने वाले सभी सदस्यों, क्षेत्रवासियों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मनोबल बढ़ाने वाले साथियों का आभार व्यक्त किया। समिति ने कहा कि गौ सेवा केवल आस्था नहीं, बल्कि मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी का भी प्रतीक है, और यह सेवा कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

समीक्षा गुप्ता भोपाल में डटीं

ग्वालियर। मप्र के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के कड़े विरोध के चलते ग्वालियर की पूर्व मेयर समीक्षा गुप्ता की ताजपोशी भले ही रूक गई हैं, लेकिन समीक्षा गुप्ता भोपाल में रहकर सभी से मिल रही है। समीक्षा गुप्ता चाहती हैं कि विभिन्न आयोग या किसी निगम मंडल में उनकी योग्यता का लाभ जनहित में मिल सकें। उन्होंने अपनी बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित अन्य दिग्गज भाजपा नेताओं के समक्ष रखी है। अब इस बात की संभावना है कि जल्दी ही समीक्षा गुप्ता की नियुक्ति भी किसी निगम मंडल या आयोग में हो सकती है।

मुनिश्री सागर महाराज के सानिध्य में 51 इन्द्रणियों ने की शांतिधारा, गूंज उठा मंदिर

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। ग्वालियर के इतिहास में प्रथम बार दिगंबर बीसपंथी जैन मंदिर चंपाबाग दानाओली में आज रविवार को पाठशाला प्रणेता मुनि श्री 108 अनुमान सागर महाराज के मंगल सानिध्य में 51 इन्द्रणियों के द्वारा पंचामृत अभिषेक और मंत्रों के साथ बृहद शांतिधारा की गई। जिसमें पहली बार 51 महिलाएं इंद्राणी बनकर भक्ति नृत्य के साथ भगवान जिनेंद्र की प्रतिमाओं पर कलशों से शांतिधारा की। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री अनुमान सागर महाराज ने सर्व प्रथम 51 इन्द्रणियों से भूमि शुद्धि मंत्रों के साथ कराई। वहीं पांडुशिला पर केशर से श्री और स्वतिका बनवाया। 51 इन्द्रणियों ने हाथ में श्रीफल लेकर वेदी में विराजित जिन प्रतिमाओं से आज्ञा लेकर श्रीफल भेंटकर प्रतिमाओं को लेकर पांडुशिल पर विराजित किया। मुनिश्री अनुमान सागर महाराज ने मंत्रो से प्रथम अभिषेक ओर शांतिधारा निधि अजय छाबड़ा, दूसरी अनामिका पंकज जैन, राखी विहर्ष जैन और तीसरी खुशबू जैन ने कलशों से किया। वहीं 51 इन्द्रणियों ने लाल गुलाबी साड़ी, सिर पर मुकुट पहनकर अलग अलग चौबीस तीर्थंकर प्रतिमाओं जल, आमरस, दूध, दही, घी, केशर, सर्व औषधिक पुष्प वर्षा, अन्य रसों से अभिषेक कर मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा। मुनिश्री ने 108 विशेष मंत्रों से भगवान जिनेंद्र की शांतिधारा इन्द्रणियों ने भक्तिभाव के साथ की।

मुनिश्री के चरणों में चंपाबाग जैन मंदिर के अध्यक्ष प्रमोद टोंग्या, सचिव पंकज छाबड़ा, विनय कासलीवाल, संजय गोधा, शरद बोहरा, संजीव अजमेरा, अतुल टोंग्या ने श्रीफल भेंट किया। संचालन विनय कासलीवाल जैन ने किया एवं आभार पंकज छाबड़ा ने व्यक्त किया।

नि:शक्तजन अधिनियम शीघ्र लागू किया जाये : जौहरी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। मध्यप्रदेश में 2016-17 नि:शक्त जन एक्ट लागू नहीं होने से विकलांग जनों के साथ आम जन का अत्याचार कुछ ज्यादा ही बढ़ता जा रहा हे । विकलांग बच्चियों के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं बढ़ती ही जा रही हे । जिस पर अंकुश लगाने के लिए मध्यप्रदेश कांग्रेस विकलांग कल्याण प्रकोष्ठ के नवनियुक्त महासचिव अनूप जौहरी शीघ्र ही ग्वालियर आई जी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को 2016-17 नि:शक्त जन एक्ट की किताब भेंट करेंगे जिससे पुलिस एवं प्रशासन इसको लेकर नोटिफिकेशन जारी करे।

प्रदेश महासचिव जौहरी ने बताया कि आज प्रदेश में 2016-17 नि:शक्त जन एक्ट लागू नहीं होने से विकलांग जनों के साथ आम जन का अत्याचार कुछ ज्यादा ही बढ़ता जा रहा है। विकलांग बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। ग्वालियर सीमा में आने वाले सभी थानों में नि:शक्त जन एक्ट का नोटीफिकेशन जारी किए जाने अधिनियम की कानूनी किताबें भेंट की जायेंगी।

उन्होंने कहा कि विकलांग, वृद्ध, विधवा एवं परित्यागता

कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के नवनियुक्त महासचिव ने अपनाए आंदोलनात्मक तेवर

निराश्रितों को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मात्र 600 रुपये प्रतिमाह सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है जिसमे वृद्धि कर उक्त सभी निराश्रितों को सम्मान जनक सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिए जाने के लिए मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के साथ पत्राचार किया जाएगा। इसके अलावा विकलांग जनों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नि शुक्ल आवास दिये जाने हेतु कम से कम 25 से 30 प्रतिशत कोटा निर्धारित कर आवास दिये जाने का भी मांगपत्र शीघ्र ही प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लिखा जाएगा। साथ ही ग्वालियर सीमा में जितने भी मैरिज गार्डन है । उनमें अपने रिश्तेदारो की शादी पार्टियों में शामिल होने के लिए भोजन के काउंटर तक विकलांग जनों की पहुंच आसान हो , इसके लिए ग्वालियर निगम कमिश्नर संघ प्रिय से भी शीघ्र चर्चा की जाएगी।

सुरेश बंसल को प्राधिकार पत्र सौंपा

ग्वालियर। ग्वालियर में अब अग्रसेन भवन बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। रविवार को ग्वालियर में श्री महाराजा अग्रसेन अग्रवाल सेवा न्यास की तदर्थ समिति की बैठक में सर्वसम्मति से एकजुट होकर श्री अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सुरेश बंसल को पुरासानी की 5 बीघा जमीन का प्राधिकार पत्र सौंपा। इस भूमि पर अग्रसेन भवन का निर्माण होना हैं। इस भूमि पर अग्रसेन भवन का निर्माण होना हैं। प्राधिकार पत्र में यह कहा गया है कि श्री महाराजा अग्रसेन अग्रवाल सेवा न्यास ग्वालियर न्यास की 5 बीघा भूमि को अग्रवाल महासभा रजिस्टर्ड सौंपता हैं, ताकि समाज हित में निर्माण एवं उपयोग किया जाये।

मातृ दिवस पर बजरंग भक्त मंडल ने पेश की सेवा की मिसाल

गौमाता को भेंट किया 800 किलो हरा चारा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 10मई। गौ सेवा ही माधव सेवा है' के ध्येय वाक्य को चरितार्थ करते हुए ग्वालियर के अग्रणी सामाजिक संगठन बजरंग भक्त मंडल (पंजी.) द्वारा मातृ दिवस के विशेष अवसर पर गौमाता की सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया। मंडल के सदस्यों ने जनकताल स्थित गौशाला पहुँचकर गौवंश को 800 किलो हरे चारे का भोग लगाया।साढ़े छह वर्षों से जारी है सेवा का संकल्पमंडल के अध्यक्ष आशीष मंगल ने बताया कि बजरंग भक्त मंडल पिछले साढ़े छह वर्षों से निरंतर और निर्बाध रूप से प्रति सप्ताह गौ सेवा का कार्य कर रहा है। मातृ दिवस के उपलक्ष्य में संस्था ने इस रविवार को गौमाता (जिन्हें शास्त्रों में समस्त जगत की माता माना गया है) की विशेष सेवा करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में जनकताल गौशाला में चारे की व्यवस्था की गई।इन गौसेवकों का रहा विशेष सहयोगआज की इस पुनीत सेवा में मंडल के विभिन्न सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। अध्यक्ष आशीष मंगल के अनुसार, सेवा कार्य में खासगी बाजार वाले सदस्य, अनिल गुप्ता, घनश्याम साहू, संतोष शिवहरे, राजीव जादौन, राकेश बंसल, दीपक शर्मा, संजय श्रीवास्तव, शिवहरे जी के मित्र एवं इंदौर से एक गुप्त दानदाता का विशेष आर्थिक और श्रम सहयोग प्राप्त हुआ।सेवा कार्य में मौजूद रहे सदस्यगौ सेवा के दौरान जनकताल गौशाला में आशीष मंगल, अमन गर्ग, रामकिशोर मंगल, राजीव जादौन, दीपक शर्मा, पुनेश पाल, कमल सिंह गर्ग, भानु राजपूत, संतोष शिवहरे और कुशल मंगल सहित मंडल के अनेक गौसेवक उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार जीव सेवा और समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहेंगे

बीएड, डीएलएड सहित पाठ्यक्रमों की प्रवेश तिथियां जारी

ग्वालियर। राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए समय-सारणी जारी कर दी गई है। अभ्यर्थियों को एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों के अनुसार राज्य शिक्षा केन्द्र की वेबसाइट rsk.mponline.gov.in पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एम.एड., एम.ए. मनोविज्ञान , पी.जी.डी.जी.सी., बी.एड., डी.एल.एड., डी.पी.एस.ई. एवं पी.जी. डी.ई.एल.टी. पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया अलग-अलग चरणों में होगी। प्रदेश की विभिन्न शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए होगी।

आगामी
वर्ल्ड रेडक्रॉस डे
(8 मई) की
Mother's day
(10 मई) की
वट सावित्री व्रत
(16 मई) की
सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकानाएं।

प्रो- एस.एन. शुक्ला (गणित)
AM-70, डी डी नगर, ग्वालियर
Mob. 9243218074

स्वामी ऋषभ 17 को जाएंगे गांधीनगर

गौ विश्व विद्यापीठ के स्थापना दिवस समारोह में विशेष आमंत्रण पर रहेंगे उपस्थित

नवभारत न्यूज
ग्वालियर,10 मई। आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज, श्रीकृष्णायन आदर्श गौशाला, ग्वालियर के पावन सानिध्य में गौ सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थान 'गौ विश्व विद्यापीठ अपना स्थापना दिवस समारोह आगामी 17 मई को गुजरात के गांधीनगर में आयोजित करने जा रहा है। यह कार्यक्रम शाम 4:30 बजे कडी सर्व विश्वविद्यालय के एल.डी.आर.पी. कैंपस स्थित यूनिवर्सिटी बिल्डिंग में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्री कांतिलालभाई अमृतिया होंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथियों की एक लंबी सूची शामिल है, जिनमें प्रमुख रूप से भूपेंद्रसिंह चूडासमा पूर्व शिक्षा मंत्री, गुजरात, रिवाबा जडेजा शिक्षा मंत्री, गुजरात, डॉ. श्री वल्लभभाई कथीरिया पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार, घनश्यामभाई व्यास आरएसएस, गुजरात प्रदेश समिति सदस्य रहेंगे। इस कार्यक्रम में कई अन्य विधायक, शिक्षाविद और गौ सेवक भी अतिथि विशेष के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। कार्यक्रम के मुख्य मार्गदर्शक वल्लभभाई एम. पटेल अध्यक्ष, कडी सर्व विश्वविद्यालय हैं। संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष मिनेश पटेल सहित सह-संस्थापक अमिताभ ए.के. भटनागर और उनकी पूरी टीम इस भव्य आयोजन की तैयारियों में जुटी है।

कार्यक्रम का उद्देश्य-गौ विज्ञान और भारतीय संस्कृति के मूल्यों की शिक्षा

स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज ने बताया कि 'गौसेवा से ही राष्ट्रसेवा का मार्ग प्रशस्त होता है' यह वाक्य इस संस्थान के मूल मंत्र को दर्शाता है। विद्यापीठ का लक्ष्य गौ विज्ञान और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ना है। इस आमंत्रण को मैंने स्वीकार किया है और मैं गौ माता के लिए 17 मई को गांधीनगर जा रहा हूं।

खुले डंपर से गिरा कचरा, पीछे चल रहा स्कूटी सवार हुआ परेशान

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का दावा हुआ हवा, गांधी रोड पर दिखी बड़ी लापरवाही

संजीव कुमार शर्मा
ग्वालियर 10मई। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावों की धज्जियां उस समय उड़ गई जब गांधी रोड पर एक डंपर बिना किसी ढकने के खुले में कचरा लेकर जा रहा था। इस लापरवाही के चलते डंपर से कचरा निकलकर पीछे चल रहे एक स्कूटी सवार पर गिर गया, स्कूटी सवार के साथ उसका परिवार भी था, कचरा सीधे उसके चेहरे पर आकर गिरा जिससे उसकी गाड़ी का बैलेंस भी बिगड़ गया और वह गिरते गिरते बचा। इस घटना पर शहरी नागरिकों ने भी अपनी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि कचरा प्रबंधन के लिए उचित उपाय करने चाहिए। खुले डंपरों में कचरा ले जाने की प्रथा को तत्काल बंद किया जाना चाहिए।

आधा कचरा रास्ते में ही गिर जाता है: आसपास खड़े लोगों का कहना था कि घरों और बाजारों से उठाया जाने वाला कचरा अक्सर खुले डंपरों में ले जाया जाता है। इस दौरान कचरा रास्ते में ही गिरता रहता है, जिससे शहर की सड़कों पर गंदगी फैलती है। गांधी रोड पर हुई इस घटना ने कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

नियमों की अनदेखी, जिम्मेदार लोग किए आंख बंद : नियमों के अनुसार, कचरा केवल बंद वाहनों में ही ले जाया जाना चाहिए, लेकिन अधिकारी और कर्मचारी इन नियमों को नजरअंदाज कर रहे हैं। खुले डंपरों में कचरा ले जाने से न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि इससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ता है। लोगों का कहना है कि इससे शहर की छवि खराब होती है।

ग्वालियर भले ही स्वच्छता के लिए बैनरों और पोस्टरों में पहल करता नजर आ रहा हो, पर हकीकत में शहर की सड़कों पर गंदगी देखकर कोई नहीं कह सकता कि हम कभी नंबर वन भी बन सकते हैं।

लोगों का कहना है...

गांधी रोड पर हुई यह घटना लापरवाही का एक और प्रमाण है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावों को हकीकत में बदलने के लिए नगर निगम को कचरा प्रबंधन के लिए ठोस उपाय करने चाहिए।

अशोक शर्मा

खुले डंपरों में कचरा ले जाने की प्रथा को बंद कर बंद वाहनों का उपयोग करना चाहिए। मैंने देखा वो स्कूटी सवार बेचारा अपना मुंह रुमाल से साफ करके चुपचाप चला गया। ऐसी परेशानी का सामना करने को कोई भी मजबूर हो सकता है।

संध्या बड़ोतिया

डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज

2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460